(Rs. Crores)

	Exports	GDP (at market prices)	Exports/GDP (percentage)
1992-93	53688	702829	7.6
1993-94	69751	786355£	8.9
1994-95	82338*	917450**	9.0

Provisional Figures.

**=Estimated Figure, rounded as per CSO advance estimate, real growth of 5.3 % and (average) inflation rate of 10.8%.

£=Quick Estimates of C.S.O.

(d) It is too early to estimate current year's GDP and export levels.

(e) Does not arise.

खाद्यान्नों का आयात और निर्यात

5100. श्री राम जेठमलानी :
श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 6 अप्रैल, 1995 के दैनिक "टैलीग्राफ" में "चिदम्बरम् फार एक्सपोर्ट फ्रेन्डली फार्म ट्रेड" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि सरकार देश में खाद्यान्नों के निर्यात और आयात के संबंध में उदारवादी दृष्टिकोण अपनाने पर विचार कर रही है ;

(ग) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि देश में खाद्यान्नों की कमी को दूर करने और उनके बढ़ते मूल्यों को कम करने हेतु किए गए [illegible] के बावजूद घरेलू बाजारों में [illegible] की कीमतों में कमी नहीं आई है ;

(घ) यदि नहीं, तो वर्ष 1993-94 में चीनी के आयात और वित्तीय वर्ष 1994-95 सहित अन्य वर्षों के दौरान खाद्य तेलों और दालों के आयात के परिणामस्वरूप स्वदेशी बाजार में गत वर्ष की तुलना में कीमतों में कितने प्रतिशत कमी आई है ?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) जी हां ।

(ख) आर्थिक उदारीकरण नीति के अनुरूप सरकार का प्रयास यह है कि कृषि वस्तुओं के आयात और निर्यात को उदार बनाया जाए । तथापि, ऐसा करते समय, खाद्य सुरक्षा के पहलू एवं ऐसे उत्पादों को घरेलू कीमतों को उचित स्तर पर कायम रखने की जरूरत पर यथोचित विचार किया जाता है ।

(ग) वर्ष 1994-95 (अप्रैल-जनवरी, 1995) में चावल और गेहूं का क्रमशः, 6370 मी. टन तथा 1113 मी. टन के सीमित आयात से घरेलू कीमतों का रुख अधिक प्रभावित होने की कहीं संभावना नहीं है ।

(घ) वर्ष 1993-94 में चीनी के मूल्यों में तथा वर्ष 1994-95 में खाद्य तेल एवं दालों के मूल्यों में प्रत्येक मामले में पिछले वर्ष की तुलना में गिरावट नहीं आयी है । तथापि, मूल्य निर्यात एवं आयात पर ही निर्भर नहीं होते बल्कि विभिन्न अन्य कारक जैसे घरेलू उत्पादन, मांग, मुद्रा आपूर्ति और अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति के अन्य दबाव भी कीमतों को प्रभावित करते हैं ।